सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 18 आषाढ़ 1936 (श0) / 9 जुलाई, 2014 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 155**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 69 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 18 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 08 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 35 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 18 |
| (6) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 02 |
| (8) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 04 |
| | | कुल योग — | 155 |

कार्य पूरा करना

'क'-*77. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु प्रखंड के ग्राम-लेवड़ा मे स्थानीय विधायक क्षेत्र निधि मद से 2010-11 मे पथ एवं नाली निर्माण हेतु 3.12 लाख स्वीकृत हुये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि तिलौथु प्रखंड के चितौली पंचायत मे स्थित चिरकुटीया बाबा के पास 2010-11 में ही सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 88.950 हजार रुपये की स्वीकृति हुई थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना की राशि 3.12 लाख रुपये के निकासी के बाद भी कार्य पूर्ण नही कराया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्यूबवेल चालू करना

'ख'-* 84. श्री संजय सिंह "टाइगर"--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सोन नदी प्रणाली से जुड़े भोजपुर जिले के जैतपुर वितरणी मे सिंचाई हेतु राम डिहरा फॉल से लेकर जैतपुर तक लगे 14 अदद् स्टेट ट्यूबवेल वर्ष 1985 से बंद है, फलतः इलाके मे पटवन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार बन्द पड़े ट्यूबवेल को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

बाढ़ से निजात दिलाना

*384. डॉ0 फैयाज अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत अधवारा समूह की नदी का पूर्वी तटबंध दुर्जौलिया रथौस से लालपुर तक टूटा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ध्वस्त बाँध के टूटे रहने से अधवारा समूह का पानी बिस्फी क्षेत्र के एक बड़े भू-भाग का प्रत्येक वर्ष कटाव हो जाता है एवं भयंकर बाढ़ आ जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ध्वस्त तटबंध का निर्माण कर बाढ़ से निजात दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट 'क'- दिनांक 2 जुलाई, 2014 को सदन द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से योजना एवं विकास विभाग में स्था0। योजना एवं विकास विभाग के ज्ञापांक 2544, दिनांक 2 जुलाई, 2014 को पुनः ग्रामीण कार्य विभाग मे स्थानान्तरित।
नोट 'ख'- दिनांक 2 जुलाई, 2014 के द्वारा जल संसाधन विभाग से लघु जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित।

संस्थान स्थापित करना

*385. श्री गोपालजी ठाकुर–—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल, बहेड़ी एवं बेनीपुर प्रखण्ड मुख्यालय में आई0टी0आई0 कॉलेज तथा किसी भी पंचायत में कौशल विकास केन्द्र की स्थापना नहीं होने से छात्रों को तकनीकी शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तीनों प्रखण्ड मुख्यालय में सरकारी आई0टी0आई0 कॉलेज एवं पंचायत स्तर पर कौशल विकास केन्द्र की स्थापना कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिया को सही करना

*386. श्री जनार्दन माँझी–—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–—

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बाँका से अभयपुर पी0डब्लू0डी0 पथ मकदुमा ग्राम के पास पुलिया टेढ़ा रहने से बराबर दुर्घटनायें होती रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 12 दिसम्बर, 2013 को स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था परन्तु इस दिशा में अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पुलिया को सीधा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*387. डॉ0 (मो0) जावेद–—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के खानका सातमेरी घाट से अठियाबाड़ी, हरदासमनी तक डोक नदी से काफी तेजी से कटाव हो रहा है जिससे 8 से 10 हजार परिवार प्रभावित हो गये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस कटाव को कबतक रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पईन का जीर्णोद्धार

*388. श्री श्यामदेव पासवान–—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के फतेहपुर प्रखण्ड अंतर्गत ढाढर नदी से निकलने वाली पतेया से गोपल केड़ा, राघोपुर, बड़ला, जपौन पईन का जीर्णोद्धार कार्य विगत 25 वर्षों से नहीं होने के कारण इसकी स्थिति जीर्ण–शीर्ण हो गयी है, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पईन का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*389. श्री ललन कुमार–—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा प्रखण्ड कार्यालय का भवन विगत 15 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड कार्यालय भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 390. श्रीमती सुनीता सिंह––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बेलसंड प्रखंड के सिरोपट्टी बलुआ भाया डुमरा पी० एम० जी० एस० वाई० सड़क लम्बाई 7.64 कि० मी० जिसका निविदा हुआ एवं कार्य प्रारंभ करने की तिथि 02 जून, 2010 था ;

(2) क्या यह बात सही है कि निविदा के बाद संवेदक अरावली इन्फरा लि० द्वारा कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सड़क निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नलकूप लगाना

* 391. श्री संजय सरावगी––क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के खुटौना प्रखण्ड के मौजे माधोपुर, टोले कुंडल में राजकीय नलकूप लगाने के लिए तत्कालीन लघु सिंचाई मंत्री के पत्रांक 230, दिनांक 08 जनवरी, 2013 के निर्देश के उपरांत सूची में शामिल किया गया तथा प्राक्कलन तैयार किया गया, परन्तु अबतक नलकूप नहीं लगा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर नलकूप लगाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

जाँच कराना

* 392. श्री मंजीत कुमार सिंह––दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 14 मई, 2014 के अंक में छपे शीर्षक ''पंचायत कार्यालयों के पंजी की होगी जाँच'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, पंचायती राज द्वारा फरवरी, 2014 में सभी प्रमंडलीय आयुक्त, डी० एम०, डी० डी० सी० एवं एस० डी० ओ० को पंचायतों में रखी गयी 22 प्रकार की पंजियों की जाँच प्रत्येक माह कराने का निर्देश दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सचिव, पंचायती राज के निर्देश के बावजूद गोपालगंज जिले के बरौली प्रखंड के सलेमपुर पूर्वी, सलेमपुर पश्चिमी, सिंधवलिया प्रखंड के कुशहर, जलालपुर, अमरपुरा एवं बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के–रेवतिथ, गम्हारी, दिघवा उत्तर, कतालपुर, प्यारे पुर, बासघाट मसूरिया, उसरी, बन्धौली बनौरा पंचायतों के कार्यालय में रखे गये 22 प्रकार की पंजियों की जाँच अबतक किसी भी पदाधिकारी द्वारा नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सभी पंचायतों में रखे पंजियों की जाँच कराने का विचार रखती है ?

----------

पथ का निर्माण

* 393. श्री जवाहर प्रसाद––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के उग्रवाद प्रभावित तिलौथु प्रखंड के चन्दनपुरा पथ से लोहराडीह गाँव तक आजादी के बाद से आज तक पथ का निर्माण नहीं हो सका है, जिसमें आवागमन बाधित रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

* 394. श्री (मो0) जावेद——क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड छत्तरगाछ से नन्हागुडी 6 कि0 मी0 रोड की हालत जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का कबतक मरम्मती या निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

* 395. श्री रामानन्द राय——क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय के बखरी प्रखंड के अंतर्गत बागदन पंचायत में स्थित नहर जो सैकड़ो गाँवों को जोड़ता है, पर पुल नहीं रहने के कारण करीब 50 हजार आम जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर पर पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

* 396. श्री राजेश सिंह——क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण के बाल्मीकिनगर विधान–सभा क्षेत्र के गंडक नदी के उस पार पूर्व के विधान–सभा के मधुबनी, ठकराही, भितही एवं पिपरासी प्रखण्ड मे आई0 टी0 आई0 कॉलेज नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्डों में आई0 टी0 आई0 कॉलेज नहीं होने के कारण बाल्मीकिनगर विधान–सभा क्षेत्र के छात्र उत्तर प्रदेश राज्य में गोरखपुर मे पठन–पाठन करने जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों मे आई0 टी0 आई0 कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 397. श्रीमती मनोरमा प्रसाद——क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के नौतन एवं बैरिया प्रखण्ड के गहरी चौक से बुचवलिया एवं तहवाडीह से लौकरिया में प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग–2 से सड़क निर्माण का कार्य 5 वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, जो आज तक अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नहर की उड़ाही

*398. श्री चितरंजन कुमार––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत दाउदनगर शहर तेलपा 06 नं० नहर, आगानूर से कुबड़ी 07 नम्बर नहर एवं अमरा सैदपुर रजवाहा की स्थिति दयनीय है एवं नहरों की उड़ाही नहीं हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन नहरों की उड़ाही के बिना क्षेत्र में सूखा की स्थिति है एवं किसान सिंचाई सुविधा से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त नहरों की उड़ाही का काम कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

छिलका का निर्माण

*399. श्री जितेन्द्र कुमार––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ, बिन्द प्रखंड के जिराइन नदी के ग्राम–सदरपुर एवं बरहोग गाँव के बीच जिराइन नदी पर छिलका नहीं होने के कारण 50 गाँवों को कृषकों को सिंचाई के कार्यों से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार सिंचाई व्यवस्था हेतु जिराइन नदी पर छिलका का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

पहुँच पथ बनाना

*400. श्री विनोद कुमार सिंह––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत वैना गाँव में मुख्य मंत्री सेतु का निर्माण प्राक्कलन के विरुद्ध तीन नं० का ईंट, लोकल बालू , दो नं० का सीमेंट का उपयोग कर कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का पहुँच पथ नहीं बनने से तथा वर्षा के पानी के कारण आवागमन बाधित हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का पहुँच पथ बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का पुनर्निर्माण

*401. श्री नीरज कुमार सिंह––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अंतर्गत बसंतपुर एवं छातापुर प्रखंड होकर गुजरनेवाली सुरसर नदी के दोनों तरफ का सुरक्षा बाँध 2008 के बाढ़ में ध्वस्त हो चुका है, जिससे बरसात के दिनों में दर्जनों पंचायतों में पानी घुस जाता है तथा हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी का जल स्तर घटने के उपरांत गाँवों में कटाव शुरू हो जाता है जिससे दर्जनों मकान पानी में विलीन हो जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी के दोनों तरफ के सुरक्षा बाँधो का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूरा करना

* 402. डॉ० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखंड अंतर्गत मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना से तेलवा स्वास्थ्य केन्द्र (हाट) से हुलास डीह तक सडक निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2008–09 में प्राक्कलित राशि 87.812 लाख रु० की स्वीकृति कर कार्यान्वयन एजेंसी, कार्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमरी बख्तियारपुर के द्वारा सम्पादित किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य में संवेदक द्वारा काफी शिथिलता बरती जा रही है एवं कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कार्य का जाँच करवाकर कार्य पूर्ण कराने हेतु कार्रवाई करना चाहती है. हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यो ?

--------

पुल का निर्माण

* 403. श्री रामानन्द राम—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय के बखरी प्रखंड के अंतर्गत राटन पंचायत के अधीन चन्द्रभगा नदी जो खगडिया एव अलौली प्रखंड को जोडती है, पर पुल नहीं रहने के कारण वहाँ के करीब 50 हजार आम जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

--------

फाटक लगाना

* 404. डॉ० फैयाज अहमद—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड के परसौनी उत्तरी पंचायत अंतर्गत कमला नदी में एक भी फाटक नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि फाटक नहीं रहने से प्रत्येक वर्ष किसानों के हजारों एकड़ भूमि सिंचित होने से वंचित हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कमला नदी में फाटक लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवास का निर्माण

* 405. श्री रामायण माँझी—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मई, 2014 में आग लगने से सीवान जिला के गुठनी प्रखंड के नेतुवा में 14 घर तथा धरमपुर में 7 घर और रघुनाथपुर प्रखंड के ग्राम–बल्लू यादव टोला का 16 घर जलकर राख हो गया, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गरीब परिवारों का आवास निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 406. श्री रामेश्वर प्रसाद——क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पूसा प्रखंड के चन्दौली पंचायत के चन्दौली हाई स्कूल से श्मशान घाट तक का सड़क अत्यंत जर्जर है जिससे आमजनों को आने–जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

* 407. श्री रतनेश सादा——क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड पतरघट पंचायत पामा अन्तर्गत जिरवा महादलित बस्ती से पश्चिम नहर के पश्चिम का भाग से लेकर किशनपुर पक्की नहर तक विगत तीन वर्षों से सड़क काफी जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार जिरवा महादलित बस्ती से किशनपुर पक्की नहर तक सड़क का पक्कीकरण कराकर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 408. श्री शशि भूषण हजारी——क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वर स्थान के मसान खून भाया बलहा–पनशाला होते हुये सिंघिया प्रखंड तक जाने वाली सड़क की हालत काफी वर्षों से जर्जर है, जिससे वाहन एवं आम लोगो को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

* 409. श्री मनोहर प्रसाद सिंह——क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत नारायणपुर ग्राम पंचायत में आदिवासी बाहुल्य जोबदे टोला (छोटा मियांपुर) में सामुदायिक भवन नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर सामुदायिक भवन बनाने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू करना

* 410. श्री अरूण शंकर प्रसाद——स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 10 अप्रैल, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "दिखावा बना स्टेट बोरिंग" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के डोरवार एवं कोरहिया पंचायत सीमा पर तीन वर्ष पूर्व राजकीय नलकूप निर्माण किया गया था, जो निर्माण के समय ही बंद हो गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीय नलकूप बंद होने के कारण 500 एकड़ फसल की सिंचाई बाधित है, जिस कारण किसानों के फसल पर बुरा असर पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त बंद पड़े नलकूप को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 411. श्री प्रेम रंजन पटेल––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला अन्तर्गत मुख्य सड़क बलीपुर महादलित टोला से रामचन्द्रपुर, चौखुटी टोला तक विशेष अंगीभूत योजना के तहत वर्ष 2012–13 में सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि रामचन्द्रपुर, बलीपुर तथा मोहनपुर पंचायत के महादलित तथा अतिपिछड़े समाज को पक्की सड़क से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण अभीतक प्रारंभ भी नहीं किया जा सका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सड़क के निर्माण नहीं होने से 25 हजार से अधिक आबादी को सड़क से वंचित होना पड़ रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बलीपुर मुख्य सड़क से महादलित टोला होकर रामचन्द्रपुर, चौखुटी टोला तक सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पुनरूद्धार

* 412. श्री चितरंजन कुमार––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत वैदराबाद–शिवगंज (स्टेट हाइवे) पथ जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक पुनरूद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूरा करना

* 413. श्री प्रमोद कुमार––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण के चनपटिया से पूर्वी चम्पारण से मोतिहारी होते हुये धनौती नदी बुढ़ी गंडक में पिपरा के निकट मिली हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) के नदी को सीधा करने हेतु जल निस्सरण योजना अन्तर्गत अधूरे कार्यों को पूरा कराने का प्राक्कलन वर्ष 2009–10 में तैयार किया गया था जिसे गाडा के माध्यम से कार्य कराना था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*414. डॉ० रामानन्द यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सम्पतचक प्रखंड के शेखपुरा पिपरा पथ 6 वर्ष पूर्व निर्माण की गई, लेकिन अभी पथ की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है और बरसात के दिनों में पथ की स्थिति नारकीय हो जाती है, जिससे वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का मरम्मती

*415. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर ग्राम मीनापुर होते हुये बलुआ, डुमरा घाट, मौलानगर चंदौली होते हुए बेलसड तक की सड़क, बलुआ चौक से चंदौली घाट तक की सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय है जिसके कारण लोगों को आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*416. श्री मुजाहिद आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि—

(1) किशनगंज जिला अंतर्गत कोचाधामन प्रखंड के रहमतपाड़ा (डाकोपाड़ा) से पुराना हाट बरबट्टा भाया-सोन्था, हल्दीखोड़ा, शीतलनगर, आलमनगर गुदरी जाने वाली सड़क जिसका निर्माण वर्ष 2008-09 में पी०एम०जी०एस०वाई० से हुआ था, जो काफी जर्जर अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क की मरम्मती कार्य गत पाँच वर्षों से नहीं हो पाया है, जबकि यह सड़क कोचाधामन प्रखण्ड का मुख्य सड़क है,

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पक्कीकरण

*417. श्री रामचंद्र सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण प्रखंड रामगढ़वा में चम्पापुर नहर पुल सड़क से करबला तक 2 कि०मी० सड़क की स्थिति जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण निकटवर्ती आम नागरिकों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पथ का पक्कीकरण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## नहर की खुदाई

*418. श्री लक्ष्मी नारायण यादव—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड स्थित सुआबारी से निकलने वाली नहर को कछुआ मोतीया नदी में मिलाने हेतु 10 वर्ष पूर्व जमीन अधिग्रहण करने के बावजूद खुदाई का कार्य नहीं किया गया है जिससे हजारों एकड़ जमीन पटवन से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर के अधिगृहित भूमि पर नहर की खुदाई कर जमीन की पटवन सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का निर्माण

*419. श्री महेन्द्र बैठा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के बलिगाँव सिमान से भूसाही तक की सड़क कई वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## अतिक्रमण से मुक्ति

*420. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत धोधरडीहा प्रखंड अंतर्गत रजुआही कोशी बाँध से पिरोजगढ़ मध्य विद्यालय स्थित प्रधान मंत्री ग्राम सड़क तक विक्रमरही एवं पिरोजगढ़ गाँव में अतिक्रमण के कारण आवागमन बिल्कुल अवरुद्ध हो चुका है, जबकि उक्त सड़क ग्राम विक्रमरही तक प्रधान मंत्री ग्राम योजना से निर्मित है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित सड़क से अतिक्रमण हटाने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का निर्माण

*421. श्री कृष्णनंदन पासवान—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला से हरसिद्धि प्रखंड के गाँधी उच्च विद्यालय के निकट पी०डब्लू०डी० पथ से भाया दुधही होते हुए यादोपुर तक पथ तथा तुरकौलिया प्रखंड के चिउटही पुल से भाया विसुनपुरवा होते हुये बकसवा, जयपुर, मझरीया जाने वाली ग्रामीण पथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों ग्रामीण सड़क पर आजादी के बाद से कोई कार्य नहीं हुआ है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ में नाला निर्माण

*422. श्री सुरेश कुमार शर्मा—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर अंतर्गत सरैयागंज टावर से जीरोमाईल चौक तक की सड़क में नाला नहीं है, जिस कारण बरसात के समय मुहल्ले के पानी की निकासी नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ में नाला निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*423. श्री दिनकर राम—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखंड के अंतर्गत मेजरगंज से ढेंग जानेवाले पथ निर्माण विभाग के पथ के तीसरे किलो मीटर में मनुषमारा नदी पर बने पुल के जर्जर हो जाने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पुल के बदले कबतक नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*424. श्री सत्यदेव नारायण आर्य—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत सिलाव प्रखंड से गिरियक पथ के निर्माण हेतु वर्ष 2010-11 एवं वर्ष 2012-13 में लगातार दो बार टेंडर किया गया एवं संवेदक ने एकरारनामा भी किया;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण हेतु सभी प्रक्रिया पूरा करने के बावजूद भी अभीतक पथ का निर्माण नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*425. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के कुर्साकांटा प्रखंड अन्तर्गत टहरमीना पंचायत के कविलासा (मुसहरी) से पात्र टोला, डोरिया तक जाने वाली सड़क का निर्माण प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से वर्ष 2009 में करायी गयी, जो अब जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का सुदृढ़ीकरण

*426. प्रो॰ उषा सिन्हा—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जल संसाधन विभाग, पटना के विभागीय पत्रांक बाढ़(मां॰) जमी॰-4/2008-1844, दिनांक 7 जुलाई, 2011 द्वारा अभियंता प्रमुख (उत्तर) जल संसाधन विभाग, पटना को अवशेष जमींदारी बाँधों के कार्यान्वयन हेतु चयन के संबंध में निर्देश दिये गये थे;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, पटना द्वारा पत्रांक 2/मु॰अ॰ 2/11/2011, दिनांक 5 मई, 2012 द्वारा नालंदा जिला के कराय परशुराय प्रखंड में स्थित छित्तरबिगहा जमींदारी बाँध, मकदुमपुर, दीरीपर एवं बहोदी बिगहा जमींदारी बाँधों के निर्माण का प्राक्कलन अभियंता प्रमुख (उत्तर) जल संसाधन विभाग, पटना को समर्पित किया गया हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि अबतक उनमें से एक भी जमींदारी बाँध का सुदृढ़ीकरण नहीं कराया गया;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार क्षतिग्रस्त जमींदारी बाँधों का सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*427. श्री तारकिशोर प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के हसनगंज प्रखण्ड कार्यालय भवन का निर्माण नहीं होने से प्रखण्ड के सरकारी कामकाज में आमलोगों को कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत हसनगंज प्रखंड कार्यालय एक सामुदायिक भवन में चल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक प्रखण्ड कार्यालय भवन का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*428. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखण्डान्तर्गत कुकुरमुका से सबेया तक की सड़क विगत 5 वर्षों से अत्यंत ही जर्जर है, जिससे ग्रामवासियों को आवाजाही में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*429. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के ग्राम गैघट एन॰एच॰ 77 हनुमान मंदिर से मोरसंड मननपुर पथ में मटिहनिया नाला पुल एवं आवागमन बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के निर्माण हेतु ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक 11675, दिनांक 16 जुलाई, 2012 द्वारा पुल के टेक्नो फिजीबिलिटी प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी से माँग की गई थी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार टेक्नो फिजीबिलिटी प्रतिवेदन तैयार कर पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का चौड़ीकरण

*430. श्री प्रभात रंजन सिंह  क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा 1 प्रखण्ड के एन0एच0 28 बी अंतर्गत परसौनी चौक से चौतरवा, छोटकीपट्टी बगहा से मदनपुर तक जाने वाली सड़क चौड़ी नहीं है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क की मरम्मती

*431. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी  क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखण्ड के सागरपुर पंचायत की आधा कि0मी0 सड़क जो सकरी पंडौल मधुबनी पी0डब्ल्यू0डी0 सड़क के 2 और 4 कि0मी0 के बीच लाइन होटल, सागरपुर से चलकर आधा कि0मी0 पर प्रधानमंत्री सड़क से मिलती है, की स्थिति बिल्कुल जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है ?

## योजना का कार्यान्वयन कराना

*432. श्री सदानन्द सिंह  क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखण्डान्तर्गत ग्राम छोटीनाकी के पास मैना नदी में डैटम वॉल बनाकर सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा पत्रांक 2191, दिनांक 24 अक्तूबर, 2013 द्वारा मुख्य मंत्री को लिखे जाने पर उक्त योजना की स्वीकृति हेतु निदेश दिया गया था, यदि हाँ, तो उक्त निदेश के आलोक में सरकार कबतक इस योजना का कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है ?

## ट्यूबवेल चालू करना

*433. श्री अम्बिका सिंह  क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत नाबार्ड फे 11 से वर्ष 2006-07 में ट्यूबवेल हेतु विभाग द्वारा टेंडर किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग एवं संवेदक की लापरवाही से सात वर्ष में ट्यूबवेल चालू नहीं कराया गया है, जिससे किसानों की सिंचाई बाधित होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ट्यूबवेलों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव से बचाव

*434. श्री ललन कुमार क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा प्रखण्ड के गतगाँव पंचायत के भगवानपुर चमकी में विगत 3 वर्षों से गंगा का कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत को गंगा के कटाव से बचाने हेतु कौन सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*435. श्री सुरेश कुमार शर्मा क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर के मंझौली खेतल पंचायत अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ 28 से मझौलिया गुमटी होते हुए साईंस कॉलेज तक की सड़क पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित सड़क के दोनों तरफ घनी आबादी है तथा सड़क पर सालों भर नाले का गन्दा पानी जमा रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

*436. श्री रामचन्द्र सहनी क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में एन0एच0 28ए बेला नहर चौक से परटनहिया जाने वाली लगभग 10 कि0मी0 लम्बी सड़क की स्थिति अत्यन्त खराब है जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पथ का कबतक पक्कीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*437. श्री अरूण शंकर प्रसाद स्थानीय हिन्दी समाचार पत्र में दिनांक 6 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "जानलेवा बना नेशनल हाइवे" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत सीमावर्ती क्षेत्र की मुख्य एन0एच0 104 सड़क जयनगर से तेनुआही, लदनियाँ तथा पिपराही के बीच जीर्ण शीर्ण अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि जयनगर से लदनियाँ के बीच बेला, कमलाबाड़ी सहित सैकड़ों बड़े बड़े गड्ढे हैं, जल जमाव के कारण बराबर दुर्घटना होती रहती है, जिस कारण जान माल की क्षति के साथ लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर की सफाई

*438. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ का उपर मोरहर नहर के गंगटा बाँध से मुरथ द्वार से नहर की सफाई नहीं होने से उपर मोरहर टूट गया है, जिससे किसानों को कृषि कार्य में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर का सफाई कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का कालीकरण

*439. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमार खंड प्रखंड के ग्राम मचहा पक्की सड़क के पास से मचहा बस्ती होते हुए महादलित टोला सुकरेत सरदार के घर होते हुए टेंगरहा पक्की सड़क का कालीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कालीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुलिया चालू करना

*440. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत त्रिवेणी कैनाल से तुर्की माईनर के 132/60 आर०डी० पास तुर्की के सामने रेलवे का आमन परिवर्तन होने के कारण पुलिया विगत 2 वर्षों से बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुलिया के बंद होने के कारण किसानों को पटवन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुलिया को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आश्रय स्थल का निर्माण

*441. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड का ग्राम पंचायत दुबियाही का ग्राम वेलागोठ कोसी नदी के दोनों तटबंध के बीच अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के लोगों को बाढ़ और बरसात के दिनों में सभी जगह पानी रहने से मवेशियों और आदमियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाढ़ के समय आदमी एवं मवेशियों को समुचित आश्रय स्थल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बैंक का पक्कीकरण

*442. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखन्डान्तर्गत ग्राम-दुर्गाडीह के पास डुमराँव रजवाहाँ का पूरब तरफ का बैंक टूट जाने से पानी यत्र-तत्र बह जा रहा है जिससे किसानों का कृषि कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बैंक का पक्का निर्माण कराने का विचार रखती है हाँ, तो कबतक ?

---------

सड़क की मरम्मती

*443. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड के मनीगाछी से बेनीपुर सड़क का निर्माण सी०पी०डब्लू० द्वारा फरवरी 2014 में कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं होने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त होना शुरू हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण कार्य की जाँच कराकर क्षतिग्रस्त सड़क का मरम्मत कार्य शुरू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*444. श्री सतीश कुमार साह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड के सैनी पंचायत के अमौजा गाँव और खरगमा गाँव के बीच गेहूमा नदी (शाखा) पर पुल नहीं रहने से सैनी, धर्मडीहा, सुग्गापट्टी एवं गेहूमा बैरिया आदि पंचायतों के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि का भुगतान

*445. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बीड़ी मजदूर के लिए 55 बाल श्रमिक विद्यालय विगत कई वर्षों से संचालित है, परन्तु विगत तीन वर्षों से विद्यालय के कर्मियों का अनुदान (वेतन राशि) एवं छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान वर्तमान समय तक नहीं किया जा सका है, जबकि जिला पदाधिकारी बेगूसराय को 6 माह पूर्व ही विद्यालय कर्मियों एवं छात्रों की छात्रवृत्ति अनुदान राशि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करा दी गई है यदि हाँ, तो सरकार विद्यालय कर्मियों एवं छात्रों को छात्रवृत्ति की राशि कबतक भुगतान कराने का विचार रखती है ?

## पथ का जीर्णोद्धार

*446. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के विष्णुपुर गाँव से दलमालपुर गाँव तक जाने वाली सड़क का निर्माण 4 वर्ष पूर्व प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि गत वर्ष आयी भीषण बाढ़ के कारण उक्त सड़क में कई स्थानों पर कटिंग एवं सड़क जर्जर हो चुका है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क की मरम्मती

*447. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क एन०एच० 80 रामपुर शहीद द्वार से लाखोचक मोड़ तक सुर्यगढ़ा तथा चानन प्रखंड को जोड़ने वाली आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क का मरम्मत व निर्माण पिछले पाँच वर्षों से नहीं होने के कारण जर्जर व जीर्ण शीर्ण हो गया है, जिससे आवागमन में लोगों को कठिनाई के साथ दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिमहत्वपूर्ण जर्जर सड़क एन०एच० रामपुर शहीद द्वार से लाखोचक मोड़ तक सड़क का मरम्मत व निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## आहर का जीर्णोद्धार

*448. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआंव प्रखंड अंतर्गत ग्राम चासी में करीब 1,500 मीटर लम्बा एवं 200 मीटर चौड़ा कृषि की सिंचाई हेतु पानी को संरक्षित रखने के लिये आजादी के समय से ही एक आहर निर्मित है, जिसमें अपशिष्ट पदार्थों के जमाव एवं तटबंध यत्र-तत्र टूट जाने से पानी संरक्षित नहीं रह पाता है, जिससे कृषि कार्य बाधित होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आहर का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल का जीर्णोद्धार

*449. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखण्ड में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की पथ मड़वा डुमरी पथ में इन्टर विद्यालय, मड़वा के निकट कौड़िहारी नहर में पूर्व से बना एक स्पैन का पुल टूट गया है, जिससे पथ पर वाहनों का परिचालन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टूटे पुल का जीर्णोद्धार/पुनर्निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*450. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड के धोबई ग्राम पंचयात के धोबई ग्राम अवस्थित मध्य विद्यालय से मिसिर टोला के पुल तक सड़क की सुविधा नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेट बोरिंग लगाना

*451. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के नौतन विधान-सभा क्षेत्र के बैरिया प्रखण्ड अंतर्गत मलाही, बलुआ, पखनाहा, डुमरिया लौकरिया एवं बैरिया पंचायत में एक भी स्टेट बोरिंग नहीं रहने के कारण वहाँ के किसानों को सिंचाई में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों में सिंचाई की सुविधा हेतु स्टेट बोरिंग लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*452. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बेलहर-संदीपी पथ मरम्मती के अभाव में जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त पथ की विशेष मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*453. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के तरैया-इसुआपुर प्रखण्डों के सीमा पर ग्राम-अफजलपुर में 4 करोड़ (लगभग) रुपये के लागत से ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल-1, छपरा द्वारा पुल निर्माण कार्य कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल से महुली पी०एम०जी०एस०वाई पथ तक सम्पर्क पथ भाया अफजलपुर तक कार्य नहीं कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

* 454. श्री विनय कुमार सिंह––क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखण्ड के रामपुर आमी, मानपुर एवं बोधा छपरा में सिंचाई हेतु लगाये गये नलकूप विगत 20 वर्षों से बन्द पड़े हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बन्द नलकूपों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से रोकथाम

* 455. श्री जवाहर प्रसाद––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के प्रखण्ड तिलौथु में सोन नदी के कटाव से तिलौथु प्रखण्ड मुख्यालय से लेकर ग्राम सरैया तक गरीब परिवारों के घर एवं खेत बाढ़ की चपेट में आने से बह जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सोन के कटाव से प्रतिवर्ष किसानों के जान–माल की भारी क्षति होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोन नदी के कटाव रोकने के लिये ग्राम सरैया से तिलौथु ब्लौक तक बोल्डर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

* 456. श्री अशोक कुमार सिंह––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत मदनपुर प्रखण्ड के केशहर नदी पर ग्राम घोड़ाडिहरी, ग्राम एरकी कला एवं ग्राम महुआईन के पास नदी में पुल नहीं है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थानों पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पुनर्निर्माण

* 457. श्री रामबालक सिंह––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर विधान–सभा क्षेत्र अन्तर्गत दलसिंहसराय टी03 से पतेलिया, सुरौली पथ का 2 ½ वर्ष पूर्व निर्माण कार्य हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्पूर्ण सड़क ध्वस्त है, जिससे आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

* 458. श्री प्रदीप कुमार––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावाँ प्रखंड मे प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से वर्ष 2009–10 मे दोसुत मोड़ से बिहटा – मेहदीपुर पथ, पकरीवरावाँ–जमुई पथ से जसत पथ, पकरीवरावाँ–कौवाकोल पथ से मड़वा–डुमरी पथ तथा नवादा–पकरीवरावाँ पथ से येरूरी–भलुकी पथ का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, जिसे एक वर्ष मे पूरा करना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों का निर्माण में सिर्फ मिट्टी भराई एवं जी0 एस0 बी0 का कार्य हो पाया है, निर्माण कार्य विगत दो वर्षों से बन्द है, जिससे पथ पर वाहनों का परिचालन में काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथों का निर्माण पूर्ण करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्लूईस गेट का निर्माण

* 459. श्री विनोद कुमार सिंह––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखण्ड अंतर्गत महानंदा बाँध पश्चिम में काठघर से लाभा के बीच तीन स्लूईस गेट है, जो खराब है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्लूईस गेट खराब रहने के कारण महानंदा नदी का पानी समय से पूर्व आ जाता है, जो बाढ़ का रूप ले लेता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सभी खराब स्लूईस गेट को ठीक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का जीर्णोद्धार

* 460. श्रीमती भागीरथी देवी––क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत रामनगर प्रखण्डान्तर्गत सनखर चेक पोस्ट के उत्तर–पूरब से सनखर मिडिल स्कूल होकर मुजरा गाँव तक जाने वाले पटवन नाला एवं नारायणपुर से मुजराधुस होकर बड़गो तक जाने वाला पटवन उप–नाला मे विगत 8–10 वर्षों से अवशिष्ट पदार्थों के जमाव के कारण पानी को तितर–बितर हो जाने से कृषि योग्य भूमि की सिंचाई नही हो पाती है, जिससे फसलें प्रत्येक वर्ष नष्ट हो जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नाला एवं उप–नाला का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 461. श्री (मो0) आफाक आलम––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के गुड़ी पंचायत के ब्रह्न टोला तारा झा के घर से लरवारी गाँव होते हुये गुरर घाट से सौरा नदी तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण नहीं होने के कारण कसबा प्रखण्ड एवं जलागढ़ प्रखण्ड के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

यातायात बहाल करना

*462. डॉ० इजहार अहमद---क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा वर्ष 2011 से दरभंगा जिला के बिरौल से गनडौल तक सडक निर्माण कार्य कराया जा रहा है तथा इसके प्राक्कलन में यातायात बहाल रखने हेतु सर्विस रोड निर्माण कराने का भी प्रावधान शामिल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण एजेंसी द्वारा यातायात बहाल रखने हेतु सर्विस रोड का निर्माण अबतक नहीं किया गया है, जिससे उक्त मार्ग पर 2011 से ही यातायात बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनियमित कार्य करने वाले दोषी अभियंता और निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई कर सर्विस रोड का निर्माण पूरा कर यातायात बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का जीर्णोद्धार

*463. श्रीमती भागीरथी देवी---क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के गौनाहा प्रखंडान्तर्गत कृषकों की सिंचाई हेतु निर्मित सेवराहा पटवन नाला में विगत् 10--12 वर्षों से अवशिष्ट पदार्थों के भर जाने के कारण जीर्ण--शीर्ण हो गया है जिससे जमुनियाडीह, तुरकौलिया, लछनौता, मेहनौल, ईटवा, धरमपुर आदि गाँवों में पानी नहीं पहुँचने से फसलें प्रत्येक वर्ष नष्ट हो जाती हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नाला का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*464. श्री अशोक कुमार सिंह---क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज से होकर सोन उच्च स्तरीय नहर गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर के ग्राम सैफगंज के सामने नहर में पुल नहीं रहने से आस--पास के लोगों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम सैफगंज के सामने सोन उच्च--स्तरीय नहर पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का निर्माण

*465. श्री छोटे लाल राय---क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत प्रखंड दरियापुर के ग्राम मनपुरा से सभा बाँध, खजुहाता होते हुए देवती तक जमीनदारी बाँध का स्थिति काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जमींदारी बाँध का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*466. श्री राज कुमार राय––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान–सभा क्षेत्र के हसनपुर बाजार से भारद्वाज कॉलेज होते हुये रजवा, महुआ, चंदरपुर तक सड़क विगत् 8 वर्षों से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*467. श्री सबा जफर–– क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के अमौर प्रखंडान्तर्गत सहन गाँव से तियार पाड़ा जाने वाली सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री, ग्राम सड़क योजना से हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण हो जाने के बावजूद पथ में पड़ने वाले स्थानों गंगेली धार, हिच्छा मोती धार में पुल का निर्माण नहीं होने से 50,000 हजार से अधिक आबादी प्रभावित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थानों पर पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*468. श्री रामदेव महतो––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत रहिका प्रखंड में भौआड़ा कोतवाली चौंक से बाड़ी टोला होते हुए कालीस्थान तक की ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क वर्ष 2013 से पूर्णतः जर्जर है, जिससे आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की कबतक मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*469. श्री प्रमोद कुमार सिंह––क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2005–06 से 2010–11 तक बाँका जिला के कटोरिया विधान–सभा क्षेत्र के अंतर्गत विधायक निधि से काम कराये जाने हेतु कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, भागलपुर को अधिकृत किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अवधि में तत्कालीन विधायक, कटोरिया द्वारा चांदन प्रखंड के अंतर्गत अनुशंसित योजनाओं का कार्यान्वयन आजतक नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुशंसित योजनाओं का कार्यान्वयन कराने तथा जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*470. श्री राजकुमार राय––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर रोसड़ा अनुमंडल का मब्बी रेलवे ढाला से सिहमा नयानगर पथ 9 वर्षों से टूटा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*471. श्री गिरिधारी यादव––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग का भागलपुर–देवघर पथ बाँका शहर के बीचोबीच होकर गुजरता है जिसके कारण वाहनों के दवाव से प्रत्येक दिन लगनेवाले जाम के कारण नागरिकों में त्राहिमाम है, यदि हाँ, तो बाँका शहर को वाहनों के दबाव से मुक्त करने हेतु बाँका में बाईपास सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*472. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय 'पप्पू'––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कटैया प्रखण्डान्तर्गत समऊर से कटैया तक वर्ष 2005 में निर्मित कच्ची ग्रामीण सड़क काफी जर्जर हो गयी है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*473. श्री शशिभूषण हजारी––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के हाटी ग्राम से पीपरा ग्राम तक की मुख्य सड़क जीर्ण–शीर्ण हालत में है, जिससे आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को कबतक निर्माण कराकर चालू कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*474. श्री सुरेन्द्र मेहता---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के वीरपुर प्रखण्ड अन्तर्गत वरैपुरा–जीबपुर गाँव बलान नदी में पुल नहीं होने के कारण हजारों लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध बनाना

*475. श्री कन्हैया कुमार---क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के ग्राम पंचायत अब्दुल में सिक्कम बाँध है, जो जर्जर स्थिति में है ,

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध के जर्जर रहने के कारण पानी का ठहराव नहीं होता है जिसके कारण स्थानीय नागरिकों को सिंचाई कार्य करने मे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध को बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*476. श्री कन्हैया कुमार---क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के ग्राम पंचायत सौंढ के ग्राम जयनगर के निकट तिलैया नदी पर पुल नहीं रहने के कारण स्थानीय नागरिकों को आवागमन मे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पी0सी0सी0 करना

*477. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर प्रखंड के ग्राम श्यामपुर में श्यामपुर चौक से प्राथमिक विद्यालय, श्यामपुर तक जाने वाली कच्ची सड़क का पी0सी0सी0 नहीं होने के कारण आमजनों को आवागमन में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पी0सी0सी0 करवाने का विचार रखती है ?

सड़क का मरम्मतीकरण

* 478. श्री मुजाहिद आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के चोपराबखारी से बिशनपुर बाजार जाने वाली सड़क काफी जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का मरम्मतीकरण कार्य गत पाँच वर्षों से नहीं हो पाया है, जबकि यह सड़क जिले की सबसे बड़ी मण्डी बिशनपुर बाजार को जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का मरम्मतीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जल–जमाव से निदान

* 479. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के विराटपुर पंचायत के हरिपुर, भादा पाँच हजार एकड़ जमीन सालो भर जलमग्न रहता है, जिसके कारण किसानों को खेती करने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2012–13 में जल निकासी की व्यवस्था हेतु सरकार द्वारा जमीन एक्वायर किया गया है, परन्तु अभीतक किसी प्रकार की कार्रवाई नही शुरू हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक नाला निर्माण कर जल–जमाव की समस्या दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 480. मो0 आफाक आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के रामदेली पंचायत के निसार मोड़ से भाया शाहपुर होते हुये पोरा मजार से मरिया घाट तक सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई

* 481. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि इंदिरा आवास योजना मद की राशि के कुछ अंश से भूमिहीन बी0पी0एल0 परिवार को भूमि अधिग्रहित कर आवास निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत उक्त योजना मद की राशि से एक भी परिवार को जो भूमिहीन व बी0पी0एल0 की श्रेणी में आते हैं, को लाभ नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार योजना का कार्यान्वयन नही करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

* 482. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के वीरपुर प्रखंड के अन्तर्गत पी0डब्लू0डी0 पथ वीरपुर से कोरिया एस0एच0 तक की सड़क जर्जर हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

* 483. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड के ग्राम–सहरसा, बेलाई, गोगो, चिरैली, गम्हरिया–दरूआ, देवराज बिगहा का आबादी एक हजार से अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी गाँव में पक्की सड़क नहीं होने से आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी गाँवों में पक्की सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ तो, कबतक नहीं, तो क्यों ?

---

प्रशिक्षण संस्थान खोलना

* 484. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि श्रम ससाधन विभाग के वार्षिक कार्यक्रम 2013–14 के तरह राज्य में अनाच्छादित अनुमंडलों एवं बड़े प्रखंडों में महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के साथ–साथ 100 नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि लक्ष्य के अनुरूप अबतक 100 नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के साथ–साथ 100 नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की क्या कार्य योजना है ?

---

भवन का जीर्णोद्धार

* 485. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत फुलपरास अनुमंडल मुख्यालय एवं मधेपुर प्रखंड मुख्यालय में स्थित सिचाई विभाग का निरीक्षण भवन काफी जर्जर हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निरीक्षण भवन में एक भी कर्मचारी कार्यरत नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त निरीक्षण भवन जीर्णोद्धार हेतु प्रश्नकर्ता सदस्या एवं पूर्व विधायक, फुलपरास ने संयुक्त रूप से दिनांक 28 सितम्बर, 2012 को पत्र लिखा है परन्तु स्थिति यथावत है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त निरीक्षण भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*486. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत एन०एच० 80 के सबौर और कहलगाँव के बीच की सड़क अत्यंत ही जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में त्रिमुहान से लेकर कहलगाँव के बीच लगभग 3 कि०मी० पथ में 3 फीट/4 फीट के गड्डे हो चुके हैं, फलस्वरूप प्रतिदिन 2/4 ट्रकों के गुल्ले टूट जाने के फलस्वरूप 24 घंटे से लेकर 48 घंटे तक आवागमन अवरुद्ध हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती या पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

---

आश्रय स्थल बनाना

*487. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत मौजहा ग्राम सिसवा कोशी नदी के दोनों तटबंध के बीच अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के लोगों को बाढ़ और बरसात के दिनों में सभी जगह पानी रहने से मवेशियों और आदमी को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में समुचित आश्रय स्थल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आहर का जीर्णोद्धार

*488. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखण्डान्तर्गत ग्राम मानीक पराशी के पास चार किलोमीटर लम्बा एवं 150 फीट चौड़ा आम गैरमजरूआ जमीन में कृषि की सिंचाई हेतु पानी को संरक्षित किया जाता है, परन्तु अपशिष्ट पदार्थ जमा होने एवं तटबंध यंत्र टूट जाने से पानी संरक्षित नहीं हो पाता है, जिससे कृषि कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आहर एवं सैरात का जीर्णोद्धार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*489. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमण्डल स्थित तालिबपुर सितुआही के बीच पुल निर्माण हेतु वर्ष 2012 में निविदा हुआ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास जनवरी, 2013 में होने के बावजूद कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पुल निर्माण का कार्य प्रारम्भ कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*490. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फतुहां प्रखण्ड के अंतर्गत दर्भा नदी पर पुल नहीं है जिससे आम जनता को 50 वर्षों से अधिक दिनों से आवागमन में कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक पुल निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*491. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के सदर प्रखंड स्थित सीताकुण्ड डीह गाँव में सीताकुण्ड नाला से श्री तारणी यादव के घर तक गंगा नदी से कटाव विगत दो वर्षों से हो रहा है जिससे सीताकुण्ड डीह गाँव के लोग प्रभावित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर कटाव निरोधी कार्य कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*492. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखण्ड के मनीगाछी घनश्यामपुर पथ 0 से 5 कि०मी० जून, 2013 में निर्माण किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आर०ई०ओ० पथ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और आवागमन में कठिनाई हो रही हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य की जाँच कराकर संवेदक पर कार्रवाई करते हुये सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला की सफाई

*493. श्री जनार्दन माँझी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत घोघा बीयर जो जेठौर से निकलती है उसमें विगत तीन वर्ष से पानी नहीं जा रहा है जिससे दस पंचायत के किसानों को पटवन से बँचित रहना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस संबंध में स्थानीय पदाधिकारियों को दिनांक 13 जुलाई, 2013 को ध्यान आकृष्ट कराया गया परन्तु अभीतक इस दिशा में कार्रवाई नहीं हुई जिससे उक्त अमरपुर के दस पंचायत के किसानों को भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त नाला के गाद की सफाई कर किसानों को पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पी० सी० सी० करना

*494. श्री विनय कुमार सिंह : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखण्ड के नौडिहाँ चकदरिया जानेवाली ग्रामीण पथ आधा किलो मीटर बिल्कुल जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को कबतक पी०सी०सी० कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का कालीकरण

*495. श्रीमती पूनम देवी यादव : स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 2 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "सड़क के लिये तरस रहे हैं सर्किल नम्बर एक के लोग" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखण्ड में बी०एन० (बदला नगरपारा) बाँध जर्जर होने से एन०एच० 107 सोनवर्षा से लेकर सतीशनगर तक सर्किल नम्बर एक के बलतारा, पौरा, कोयला आदि पंचायतों के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बी०एन० (बदला नगरपारा) बाँध का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य की जाँच कराना

*496. डॉ० अच्युतानन्द : स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 26 मई, 2014 के अंक में छपी खबर "गंडक नहर जीर्णोद्धार को धन का संकट" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में पूर्वी गंडक नहर के जीर्णोद्धार के लिये दो वर्ष पूर्व ही 684.78 करोड़ की राशि उपलब्ध करायी गई लेकिन सम्पूर्ण राशि के खर्च होने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त कार्य की उच्चस्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तटबंध का सुदृढ़ीकरण

*497. श्री प्रमोद कुमार : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के सिकरहना तटबंध का बायां एवं दायां भाग का सुदृढ़ीकरण एवं बाढ़ से बचाव हेतु खुले बाँध के फाटक एवं बाँध पर सड़क तथा पशुओं के चरने तथा पेयजल हेतु पोखरा आदि का निर्माण कराने का प्राक्कलन वर्ष 2010-11 में बनाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कार्य को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*498. श्री रामेश्वर प्रसाद क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पुसा प्रखण्ड के चन्दौली पंचायत के प्रदीप राय के घर होते हुये बाबू पोखर तक एवं धर्मेन्द्र राय के घर से डारापार पुलिया तक का सड़क अत्यन्त जर्जर है, जिससे आमजनों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*499. श्री रामदेव महतो क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड अन्तर्गत मिट्टी पी0डब्लू0डी0 सड़क से सम्मौल पासवान के घर तक की सड़क वर्ष 2013 से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर की खुदाई

*500. श्री लक्ष्मी नारायण प्र0 यादव क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पलाही पश्चिमी पंचायत स्थित रूपनी गाँव के नासी सरेठ के मुहाने तक की नहर विगत 15 वर्ष पूर्व खुदाई का कार्य होने से बरसात एवं बाढ़ के पानी से सैकड़ों एकड़ जमीन की फसल पानी में डूबकर प्रतिवर्ष बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर के शेष भाग की खुदाई कर जल जमाव से फसल को बर्बाद होने से बचाव करने हेतु कौन सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्यूबवेल चालू करना

*501. श्री छोटेलाल राय क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड परसा एवं दरियापुर के सभी स्टेट ट्यूबवेल विगत 25 वर्षों से बन्द हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रखण्डों के स्टेट ट्यूबवेल बन्द होने के कारण गरीब किसानों का जमीन की सिंचाई नहीं हो पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बन्द स्टेट ट्यूबवेल को फिर से चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नहर बनाना

*502. श्री रणविजय कुमार—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड के चार पंचायत क्रमशः बक्सर, झिकटिया, डिहुरी, एवं मलहद सोन उच्चस्तरीय नहर से वंचित है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2006-07 में सोन उच्चस्तरीय नहर के बिंदु 174 से 200 मी० दक्षिण एक नई नहर बन्देया माईनर के नाम से स्वीकृत हुआ था, तदनुसार 101 लाख रु० की निविदा प्रक्रिया भी प्रारंभ हुई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि नहर के एलाइन्मेंट सर्वे के अनुसार नहीं होकर नीचे की ओर मोड़ दिया गया था, जिससे झिकटिया एवं बक्सर पंचायत तथा जैतिया, शेखपुरा, बक्सर, नारायणपुर, दधपी, मंजाठी, महरी, बन्देया एवं मलहद का शेष भाग की सिंचाई नहीं हो पा रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 174 आर०डी० से 200 गज दक्षिण से खोरी खाप, प्रतापपुर, जैतिया तथा दधपी के दक्षिण पूरब होकर मंजाठी बन्देया के बीच से मलहद तक इस नहर को बनाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का सुदृढ़ीकरण

*503. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि जल संसाधन विभाग, पटना के विभागीय पत्रांक बाढ़ (मो०) जमी०-4/2008-1844, दिनांक 7 जुलाई, 2011 द्वारा अभियन्ता प्रमुख (उत्तर) जल संसाधन विभाग, पटना को अवशेष जमींदारी बाँधों को कार्यान्वयन हेतु चयन के सम्बंध में निर्देश दिये गये थे;

(2) क्या यह बात सही है कि मु० अभियंता जल संसाधन विभाग पटना द्वारा पत्रांक 2/मु०अ०-2-11/2011, दिनांक 12 मई, 2012 द्वारा नालन्दा जिला के हिल्सा प्रखंड के रजवा पईन के जमींदारी बांध, थरथरी प्रखंड के भतहर-मेहतरमा के जमींदारी बांध तथा करायपरशुराय प्रखंड के कमरथु-मकरौता के जमींदारी बाँधों का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु प्राक्कलन अभियंता प्रमुख (उत्तर), पटना को समर्पित किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि अबतक उपर्युक्त जमींदारी बाँधों का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण नहीं कराया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त जमींदारी बाँधों का सुदृढ़ीकरण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक ?

---

पुल का निर्माण

*504. श्री दिनकर राम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखण्ड के मेजरगंज से मलाही होकर गढ़वा विशनपुर जाने वाली सड़क में विशनपुर ग्राम से पूरब मनुषमारा नदी पर बने पुल के ध्वस्त हो जाने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, सरकार उक्त ध्वस्त पुल के बदले नये पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव से रोकथाम

*505. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अंतर्गत हवेली खड़गपुर प्रखंड के ग्राम दरियापुर 1 में श्री लक्ष्मी प्रसाद सिंह से अनन्त कुमार के घर तक बगरा नदी से लगातार कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार बगरा नदी में कटाव को रोकने के लिये सुरक्षात्मक दीवाल का निर्माण कबतक करना चाहती है ?

## सड़क का निर्माण

*506. श्री जाकिर हुसैन खान—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया प्रखण्ड में रानीगंज पथ, अररिया कॉलेज मोड़ से उत्तर महादलित बस्ती, अररिया कॉलेज स्टेडियम ए०पी०एस० स्कूल होते हुये आर०एस० जाने वाली पथ के सीमा तक सड़क नहीं रहने के कारण जनता को काफी कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण हेतु 8 माह पूर्व में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, अररिया के यहाँ पत्र देने के बावजूद भी अबतक कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## स्लूईस गेट का निर्माण

*507. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखण्ड के धौरा पंचायत के हिमाचलडीह गाँव में बहुआरी नदी में आज से 40 साल पूर्व छिलका का निर्माण किया गया था किंतु आज इस छिलका का अस्तित्व पूर्णत: समाप्त हो जाने से इस खण्ड के पाँच हजार एकड़ जमीन सिंचाई के अभाव में बंजर हो चुकी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार घोंघसा एवं हिमाचलडीह गाँव के बीच बहुआरी नदी में छिलका एवं स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का पक्कीकरण

*508. श्री तारकिशोर प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, कटिहार में मुख्य मंत्री ग्राम्य सड़क योजना अंतर्गत 2. 5 कि०मी० लम्बी बठेली-खैरा ग्रामीण पथ का वित्तीय वर्ष 2011-12 में मात्र 1.2 कि०मी० का ही पक्कीकरण किया गया है, शेष 1.3 कि०मी० पथ पक्कीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त शेष पथ का पक्कीकरण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## नाला का निर्माण

*509. श्री कृष्णनन्दन पासवान—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि बाजार में पी०डब्लू०डी० पथ के दोनों तरफ नाला नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में रोड पर पानी जमा हो जाता है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला का विभाग द्वारा डी०पी०आर० छ: माह पूर्व बनकर तैयार है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*510. श्री (डॉ०) रामानन्द यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा प्रखंड में सैदनपुर, उफसा भाया चण्डासी पथ 5 वर्ष पूर्व में निर्माण की गयी थी और अभी पथ की स्थिति बिल्कुल जर्जर है, जिससे वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*511 श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत नारायणपुर ग्राम पंचायत के जोबदे टोला (छोटा मियांपुर) आदिवासी बहुल टोला है, जहाँ सड़क की स्थिति बिल्कुल खराब है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ अमित मुर्मू के घर से कुलदीप यादव के घर तक पी०सी०सी० सड़क निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आहर की उड़ाही

*512. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के परैया प्रखण्ड के मबारकपुर ग्राम में पटवन के लिये मात्र मबारकपुर बड़का आहर है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम के आहर का उड़ाही कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*513. श्री अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी कोसी तटबंध प्रमंडल, चन्द्रायण का कार्यालय चन्द्रायण में नहीं चलाकर सहरसा में ही चलाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चन्द्रायण में कार्यालय भवन, आवासीय भवन बना है, फिर भी यहाँ कार्यालय नहीं चलाकर सहरसा में चलाने से स्थानीय लोगों एवं पूर्वी कोसी तटबंध का उचित पर्यवेक्षण/निरीक्षण नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्वी कोसी तटबंध प्रमंडल, चन्द्रायण का कार्यालय चन्द्रायण में चलाने हेतु कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

*514. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखंड के पुनपुन घाट, पौथू से करहारा रोड में राज्य सम्पोषित योजना से 7 कि०मी० तथा प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना से 5 कि०मी० सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, बीच का 3 कि०मी० का निर्माण किसी योजना से नहीं कराया जा रहा है जबकि उक्त पथ की लम्बाई 15 कि०मी० है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क के बीच का 3 कि०मी० का सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

---------

## जाँच कराना

*515 श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ग्रमीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर विधान-सभा क्षेत्र के बिझरौली ग्राम से डभैच्छ जानेवाली सड़क का निर्माण करने में घटिया किस्म की सामग्री लगाने के कारण मात्र एक साल में रोड क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सड़क की जाँच कराकर कबतक कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथ का निर्माण

*516. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत एन०एच० 82 से ग्राम-कतरीसराय-माझी भाया केलबी शरीफ, परोहा, मानपुर ग्राम पथ निर्माण हेतु सरकार ने विगत वर्ष 2012-13 को ही प्राक्कलन बनाकर स्वीकृत कराने की कार्रवाई किया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथ का निर्माण

*517. श्री रामायण माँझी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली प्रखण्ड के दरौली से अमरपुर तटबंध पथ एवं दरौली से केवटलीया तक तटबंध पथ का हालत बहुत जर्जर होने के कारण आमजनों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त जर्जर पथों का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*518. श्री राम बालक सिंह   क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत पतैलिया, दलसिंहसराय, साहपुर से भुसवर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि गुणवत्ता की कमी एवं फ्लैंक का कार्य नहीं करने से सड़क जर्जर हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*519. श्री संजय सिंह (टाईगर)   क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सोन नहर प्रणाली से जुड़े भोजपुर जिला के कोईलवर रजवाहा की 3.5 करोड़ की लागत से सफाई तथा सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु निविदा वर्ष 2013 के दिसम्बर माह में हुआ था, जिसका निष्पादन अबतक नहीं होने से कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कार्य को प्रारंभ कराने एवं विलम्ब के लिये दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की चौड़ीकरण

*520. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह   क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के धनगाढ़हा एन०एच० 28 से भवानीपुर बाजार को जोड़ने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की लगभग 5 किलो मीटर की सड़क काफी संकीर्ण एवं जर्जर होने से यातायात में आम लोगों को काफी परेशानी होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सड़क के +2 विद्यालय भवानीपुर तथा भवानीपुर सहित अन्य मार्केट होने से काफी संख्या में गाड़ियों का आवागमन होता रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

*521. श्रीमती (डॉ०) उषा विद्यार्थी   क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड का पूर्व एवं दक्षिण इलाका सुखाग्रस्त क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में 27 नलकूप में सिर्फ एक नलकूप ही कार्यरत है बाकी 26 मृतप्राय है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित बंद पड़े 26 नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

*522. <u>श्री संजय सिंह (टाइगर)</u> क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश प्रखंड के रेपुरा गाँव में अवस्थित राजकीय नलकूप वर्ष 2004 से बंद है जिससे सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है ?

चैनल का कार्य कराना

*523. <u>श्री जितेन्द्र कुमार</u> क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के बिहारशरीफ प्रखंड के ग्राम पलनी के पास सरकारी नदी पर पचनलवा चैनल का कार्य वर्ष 2006 07 में प्रारंभ किया गया था, जिसका निर्माण कार्य वर्ष 2010 में पूरा किया जाना था, लेकिन उक्त कार्य आजतक अधूरा पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार इस कार्य में विलंब करने वाले संबंधित संवेदक एवं कार्यपालक अभियंता पर कार्रवाई करते हुये पचनलवा चैनल के कार्यों को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू कराना

*524. <u>श्रीमती गुड्डी देवी</u> क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के भनरस्पटी एवं ओलीपुर का नलकूप विगत 2 वर्षों से बंद है जिस कारण 100 एकड़ की भूमि पर सिंचाई नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नलकूप को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन बहाल करना

*525. <u>श्री शिवेश कुमार</u> क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखंड के डिलियाँलक से बेरथ होते हुये अगिआँव गड़हनी पथ तक मिलने वाले सड़क का निर्माण प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत् 4 वर्ष पूर्व में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण बेरथ ग्राम तक ही हुआ है तथा बेरथ से डिलियाँ जाने वाले सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है जिससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ के छूटे हुये भाग का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

भवन का निर्माण

*526. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखण्ड उचका गाँव के ग्राम पंचायत राज त्रिलोकपुर, बलेसरा, महैचा में अभीतक पंचायत सरकार भवन का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, सरकार उपरोक्त पंचायत में कबतक पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का कालीकरण

*527. श्री अम्बिका सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड दुर्गावती में डी०के० रोड चेहरिया से रोहुवाँ गाँव होते हुये धरहरा गाँव तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित सड़क उक्त गाँव के लोगों का मुख्य सड़क है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव का सड़क कालीकरण कराने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*528. श्रीमती कविता कुमारी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अंतर्गत सिसवन प्रखंड के ग्राम भिखपुर से नवलपुर तक मुख्य मंत्री जिला विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2007 में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, जो आजतक अधूरा है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल निकासी कराना

*529. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के जोकीहाट प्रखंड अंतर्गत भेभड़ा चौक से पलासी बाजार एवं कलियागंज बाजार होते हुये टेढ़ागाछ प्रखंड सीमा तक जानेवाली सड़का का निर्माण वर्ष 2011 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में अवस्थित कलियागंज बाजार और पलासी बाजार में सड़क के दोनों तरफ बरसात के समय भारी जल-जमाव होता है जिससे स्थानीय लोगों को भारी कठिनाई तो होती ही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल से जल निष्कासन हेतु समुचित कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

पुल का निर्माण

*530. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुलतानगंज प्रखंड के दौलतपुर-कटहरा पी०एम०जी०एस०वाई० पथ के बीच बड्डुआ नदी पर पुल के निर्माण नहीं होने से आम जनता एवं वाहन के बाँस के चचरी का पुल बनाकर आवागमन करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर कबतक पक्के पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

असामाजिक तत्वों से मुक्ति

*531. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2000 में पत्तल एवं दतवन बेचने वाले के लिये आर० ब्लौक तथा मीठापुर क्षेत्र में ''रैन बसेरा'' भवन का निर्माण किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक बनायी गयी ''रैन बसेरा'' भवन को दबंग/असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ''रैन बसेरा'' भवनों को दबंगों से खाली कराके दतवन, पत्तल बेचने वाले आदिवासियों को दिलाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*532. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत राजपुर मेला चौक से साहबगंज की ओर जाने वाली सड़क के निर्माण एवं उस सड़क में बनने वाली पुल-पुलिया का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा प्राक्कलन के अनुसार नहीं कराया गया है तथा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण में संवेदक द्वारा किये गये मनमानी की उच्चस्तरीय जाँच कराकर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाढ़ से सुरक्षा देना

*533. श्री अख्तारूल इसलाम शाहिन—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर, ग्राम-पुनास से चकनूर, धरमपुर तक बूढ़ी गण्डक नदी का दायां तटबंध काफी जर्जर हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि तटबंध जर्जर रहने के कारण बरसात के दिनों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो जाता हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऊपर वर्णित स्थल पर बाढ़ से सुरक्षा हेतु समुचित कार्रवाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

योजना का लाभ देना

*534. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला-जमुई, प्रखण्ड चकाई पं० घुटवे के महादलित टोले में वर्ष 2011-12 से मनरेगा योजना के तहत एक भी योजना की स्वीकृति नहीं दी गयी और न ही महादलितों को रोजगार से जोड़ने की कार्रवाई की गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस पंचायत के महादलित गाँव में मनरेगा योजना का लाभ दिलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ की मरम्मती

*535. श्री जाकिर हुसैन खान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया प्रखण्ड में एल०आर०पी० जहानपुर चौक से बैरगाछी, रानी चौक से बरहौली भाया सतधारा, अपकौल से करमना, सिंगार मोहनी से परमानपुर, मतियारी, रहिकपुर, दरसना, एल०आर०पी० तारन से बलवा भाया दौलतपुर, डामेरा कुँड से सुरजापुर, बैरगाछी से डोमरिया महल, गाँव साप, डेंगा चौक से हरवा चौक, खरजा से मजगावा, मंगुरा घाट से खाता घाट, मटियारी भाया दोमाना, जोकीहाट से सिमरिया, हरवा चौक से मालोपरा, बंगला कोल से महलगाँव, टेकनी से चौकता तथा दरसना से चकई तक के पथ मरम्मती के अभाव में जर्जर हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों की मरम्मती हेतु विगत 10 माह पूर्व कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, अररिया को पत्र देने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों की मरम्मती कराकर चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव से बचाव

*536. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित सोझी घाट से कष्टहरणी घाट तक गंगा से कटाव हो रहे हैं, जिससे सोझी घाट एवं कष्टहरणी घाट के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त घाटों की सुरक्षा हेतु कबतक कटावनिरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना:

दिनांक 9 जुलाई, 2014 (ई०) ।

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।